an>

Title: Issue regarding alleged scam in purchase of paddy crop in the country.

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा) : महोदया, 40 हजार करोड़ रुपये का घोटाला बिहार में धान की खरीद में हुआ है। लोगों के पास लाल कार्ड नहीं हैं। गरीब लोगों को खाने के लिए नहीं मिलता है और यहां 40 हजार करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया है। यह अपने आप में दिखाता है कि जो लोग अपने आपको सुशासन कहते हैं, कुशासन और भ्रष्टाचार पूर्ण रूप से बिहार में भरा हुआ है। मेरी मांग है कि इसके ऊपर विशेष रूप से जांच करानी चाहिए और जो लोग दोषी हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए क्योंकि जो धान गरीब को मिलना चाहिए था, वह धान उस गरीब को न मिलकर कालाबाजारियों के हाथ में चला गया है।

मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले की जांच कराई जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री केशव प्रसाद मौर्य और

श्री अश्विनी कुमार चौबे को श्री कीर्ति आज़ाद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।